Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to construct over bridge or underpass near Barabanki Railway station in Uttar Pradesh -laid.

श्री उपेन्द्र सिंह रावत (बाराबंकी): मेरे संसदीय क्षेत्र बाराबंकी के अंतर्गत रेलवे स्टेशन के पास बंकी शहर की ओर जाने वाले मार्ग पर ओवर ब्रिज अथवा अंडरपास बनाये जाने की अत्यधिक आवश्यकता है । क्योंकि बाराबंकी रेलवे स्टेशन से बंकी शहर की ओर मात्र 150 मीटर की दूरी पर जो रेलवे का फाटक लगा हुआ है, वह ट्रेनों के आवागमन की वजह से अधिकतर समय बंद रहने के कारण यहां से गुजरने वाले हर वर्ग के व्यापारी, स्कूली बच्चे, नौकरी-पेशा, गांवों के किसान/निवासी इत्यादि सभी का समय इंतजार में ही निकल जाता है । रेलवे फाटक बंद रहने के कारण कई लोग जल्दी में फाटक कास करते हैं, जिससे दुर्घटना की संभावना रहती है ।

अतः इस संबंध में मेरा माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह है कि लोगों की सुरक्षा और कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए मेरी मांग है कि जनता की सुविधा के लिए इस रेलवे फाटक के पास ओवर ब्रिज अथवा अंडरपास बनवाये जाने का कार्य किया जाये ।